न्यायालय जिला कलक्टर कोटा

पीठासीन अधिकारी– एम0पी0मीना, आई0ए0एस

श्री ज्ञानचन्द जैन, पता ए–39 गुलाब कुटीर गुलाबबाडी लाडपुरा कोटा

बनाम

लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर कोटा

प्रथम अपील अन्तर्गत धारा 19 सूचना का अधिकार
अधिनियम 2005

कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कोटा राजस्थान

निर्णय

दिनांकः–06.11.2023

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि श्री ज्ञानचन्द जैन, पता ए–39 गुलाब कुटीर गुलाबबाडी लाडपुरा कोटा ने दिनांक 04.07.2022 को लोक सूचना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर कोटा को आवेदन पेश कर निम्न सूचना चाही गई–

1. प्रार्थी द्वारा जिला सतर्कता समिति कोटा को अधीक्षण अभियन्ता डिस्कॉम वृत्त कोटा एवं केईडीएम कम्पनी कोटा के विरूद्व प्रार्थना पत्र दिनांक 22.3.2022 तथा 14.4.2022 पर जिला सतर्कता समिति कोटा द्वारा की गई कार्यवाही की गई कार्यवाही एवं जिला सतर्कता समिति द्वारा लिये गये निर्णय की प्रमाणित प्रति, सम्बन्धित नोटशीट की प्रति ।

उपरोक्त सूचना नहीं मिलने पर प्रार्थी द्वारा इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई, जो दिनांक 17.7.2023 को दर्ज रजिस्टर की जाकर लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर कोटा को टिप्पणी भिजवाने हेतु पत्रांक/264 दिनांक 25.7.2023 से लिखा जाने पर लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर कोटा द्वारा अपने पत्रांक/519 दिनांक 19.10.2023 से अपनी टिप्पणी प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आवेदनकर्ता के आवेदन के सम्बन्ध में सतर्कता अनुभाग कलेक्ट्रेट कोटा से प्राप्त सूचना 40 पृष्ठ जो रजिस्टर्ड डाक से जरिये पत्रांक/518 दिनांक 19.10.2023 से आवेदक अपीलांट को भिजवाई जा चुकी है । तथा लोक सूचना अधिकारी द्वारा निवेदन किया है कि अब किसी तरह की कोई कार्यवाही लंबित नहीं होने से उक्त अपील निस्तारित करने का श्रम करें ।

हमने अपील मेमों एवं प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया एवं लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलक्टर कोटा द्वारा प्रस्तुत टिप्पणी अनुसार प्रार्थी अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना आवेदक को जरिये रजिस्टर्ड डाक से पत्रांक/518 दिनांक 19.10.2023 उपलब्ध कराई जा चुकी है । ऐसी स्थिति में लोक सूचना अधिकारी स्तर पर कोई कार्यवाही लंबित नहीं होने से अपील इसी स्तर पर निस्तारित किया जाना उचित है ।

परिणामस्वरूप आवेदक अपीलांट को वांछित सूचना जरिये रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर दी जाने से अपील अपीलांट इसी स्तर पर निस्तारित की जाती है ।

निर्णय आज दिनांक 06.11.2023 को मेरे द्वारा लिखाया गया ।

(एम0पी0 मीना)
अपील अधिकारी एवं
जिला कलक्टर कोटा

जिला कलक्टर
कोटा